जुलाई 2023

# एक नये Scotland का निर्माण : एक स्वतंत्र Scotland में नागरिकता

BUILDING A NEW SCOTLAND

## सारांश

एक नये Scotland का निर्माण श्रृंखला का यह संक्षिप्त प्रकाशन एक स्वतंत्र Scotland में नागरिकता के लिए स्कॉटिश सरकार के प्रस्तावों को प्रस्तुत करता है। यह:

- लोगों के लिए स्वतंत्रता के बाद नागरिकता के एक समावेशी मॉडल के लिए हमारे दृष्टिकोण को उजागर करता है, चाहे वे Scotland में पैदा हुए हों या नहीं या वे स्वयं को मूल रूप से या विशेष रूप से स्कॉटिश के रूप में परिभाषित करते हों, और
- स्पष्ट करता है कि स्वतंत्रता के समय स्कॉटिश नागरिक कौन बनेगा और उसके बाद से कौन स्कॉटिश नागरिक बन सकता है

ये प्रस्ताव स्कॉटिश नागरिकता के अधिकार के प्रति एक समावेशी और स्वागत योग्य दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

पूर्ण प्रकाशन में इन प्रस्तावों पर और अधिक जानकारी दी गई है, उनके बारे में जानकारी देने वाले साक्ष्यों का विश्लेषण दिया गया है, साथ ही स्रोतों के संदर्भ भी दिए गए हैं।

स्कॉटिश नागरिकों के पास Scotland में स्वतंत्र रूप से रहने और काम करने का अधिकार होगा। वे स्कॉटिश पासपोर्ट भी प्राप्त कर सकेंगे।

अधिकांश स्कॉटिश लोग अभी ब्रिटिश नागरिक हैं। UK का कानून ब्रिटिश नागरिकों को कई राष्ट्रीयताएं रखने की अनुमति देता है। हम प्रस्ताव रखते हैं कि स्वतंत्रता के बाद, Scotland का कानून स्कॉटिश नागरिकों को भी ऐसा करने की अनुमति देगा - इसलिए लोग यदि चाहें तो स्कॉटिश और ब्रिटिश दोनों राष्ट्रीयता रख सकते हैं या केवल एक अथवा अन्य राष्ट्रीयता रख सकते हैं।

हमारे प्रस्तावों के तहत, स्वतंत्रता के बाद ब्रिटिश नागरिकों को Scotland में रहने और काम करने के लिए स्कॉटिश नागरिक नहीं बनना होगा, क्योंकि Scotland कॉमन ट्रैवल एरिया का हिस्सा बना रहेगा, जिसमें UK, आयरलैंड, चैनल द्वीप समूह और आइल ऑफ मैन शामिल हैं।

यदि Scotland एक स्वतंत्र देश बन जाता है, तो स्कॉटिश नागरिक बनने के चार तरीके होंगे:

- स्वतंत्रता दिवस पर स्वत: अधिकार के आधार पर
- स्वतंत्रता के बाद जन्म के आधार पर
- एक स्कॉटिश नागरिक के रूप में पंजीकरण करके, या
- स्कॉटिश नागरिक बनने के लिए आवेदन करके

अगला भाग संक्षेप में बताता है कि इनमें से प्रत्येक का क्या अर्थ है।

## स्कॉटिश नागरिक बनने के तरीके

1. नागरिकता का स्वत: अधिकार

स्कॉटिश सरकार की योजनाओं के तहत, Scotland के स्वतंत्र होने के दिन आप स्वचालित रूप से स्कॉटिश नागरिकता के हकदार होंगे यदि आप पहले से ही ब्रिटिश नागरिक हैं और आप:

- Scotland में रहते हैं (कानूनी रूप से इसे 'स्वाभाविक निवासी' बताया गया है)
- Scotland में पैदा हुए थे
- जिनके माता-पिता Scotland में पैदा हुए ब्रिटिश नागरिक थे, या
- युवा वयस्कों के लिए आनुपातिक गणना के अनुसार, पहले कम से कम दस वर्ष या बचपन में पांच वर्ष Scotland में रहते थे।

यदि स्कॉटिश नागरिकता के लिए आपकी पात्रता आपकी वर्तमान व्यक्तिगत परिस्थितियों पर आधारित है - आप Scotland में रहते हैं या यहीं पैदा हुए हैं - तो कुछ और करने की आवश्यकता के बिना आप नागरिकों के लिए प्रदत्त सेवाएं प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

यदि आप Scotland में नहीं रहते हैं और स्कॉटिश नागरिकता के लिए आपकी पात्रता आपकी पिछली परिस्थितियों या माता-पिता की परिस्थितियों पर आधारित है, तो आप भी ऐसी सेवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में सक्षम होंगे, हालांकि आपसे आपकी पात्रता का प्रमाण देने के लिए पूछा जा सकता है।

यदि आप स्वचालित रूप से स्कॉटिश नागरिक नहीं बनना चाहते हैं, तो आप इससे बाहर निकलने का विकल्प चुनने में सक्षम होंगे।

2. स्वतंत्रता के बाद जन्म लेने वाले बच्चे

स्वतंत्रता के बाद के Scotland में पैदा हुए बच्चे स्वतः ही स्कॉटिश नागरिक बन जाएंगे यदि उनके माता-पिता में से कम से कम कोई एक:

- एक स्कॉटिश नागरिक हो, या
- एक ब्रिटिश या आयरिश नागरिक हो, या
- स्कॉटिश आप्रवासन कानून के तहत Scotland में "बसा हुआ" हो।

स्वतंत्रता के बाद Scotland से बाहर पैदा हुआ बच्चा स्वचालित रूप से स्कॉटिश नागरिकता का हकदार होगा यदि उसके माता-पिता में से कम से कम कोई एक स्कॉटिश नागरिक हो।

3. एक स्कॉटिश नागरिक के रूप में पंजीकरण करके

नागरिकता का यह अतिरिक्त अधिकार दो समूहों के लोगों के लिए खुला होगा:

- Scotland में रह रहे ब्रिटिश और आयरिश नागरिकों के लिए
- Scotland में रहने वाले किसी भी राष्ट्रीयता के बच्चों के लिए जिनका पालन-पोषण यहां हुआ हो

और स्वतंत्रता के बाद स्कॉटिश नागरिक बनने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए एक और रास्ता होगा: योग्यता मानदंड के आधार पर आवेदन करके।

4. स्कॉटिश नागरिक बनने के लिए आवेदन करके

किसी दूसरे देश का नागरिक बनने के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया को कभी-कभी "देशीयकरण" कहा जाता है।

किसी अन्य राष्ट्रीयता का व्यक्ति स्कॉटिश नागरिक बनने के लिए आवेदन कर सकता है यदि:

- Scotland में कम से कम पांच वर्षों तक रहा हो, और
- कम से कम 12 महीनों के लिए Scotland में "बसा हुआ" था

## पासपोर्ट

स्वतंत्रता के बाद स्कॉटिश नागरिक स्कॉटिश पासपोर्ट रखने के हकदार होंगे। यदि आप स्कॉटिश पासपोर्ट नहीं रखना चाहते तो आपको स्कॉटिश पासपोर्ट रखने की आवश्यकता नहीं होगी। आप उसी प्रकार की आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से स्कॉटिश पासपोर्ट प्राप्त करने में सक्षम होंगे जो कि अभी उन ब्रिटिश नागरिकों के लिए मौजूद है जो ब्रिटिश पासपोर्ट चाहते हैं।

## कॉमन ट्रेवल एरिया और यूरोपीय संघ

इन द्वीपों पर Scotland कॉमन ट्रेवल एरिया का एक हिस्सा है। स्वतंत्रता के बाद कॉमन ट्रैवल एरिया के हिस्से के रूप में, ब्रिटिश और आयरिश नागरिक Scotland में बिना किसी प्रतिबंध के रह सकेंगे और काम कर सकेंगे, जैसा कि वे अभी करते हैं और स्कॉटिश नागरिकों के लिए UK और आयरलैंड में वही अधिकार बरकरार रहेंगे।

एक बार Scotland यूरोपीय संघ में फिर से शामिल हो गया, तो स्कॉटिश नागरिक एक बार फिर EU के नागरिक बन जाएंगे। इससे उन्हें और उनके परिवारों को वर्तमान EU के सभी 27 सदस्य देशों के साथ-साथ नॉर्वे, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और स्विट्जरलैंड में स्वतंत्र रूप से रहने, काम करने और अध्ययन करने की अनुमति मिलेगी।

## नागरिकता एवं संविधान

यदि Scotland स्वतंत्र हो जाता है, तो नागरिकता पर इस सरकार के प्रस्ताव अंतरिम संविधान का हिस्सा बनेंगे। नागरिकता स्थायी स्कॉटिश संविधान का हिस्सा है या नहीं और कैसे नागरिकता स्थायी स्कॉटिश संविधान का हिस्सा बनती है या राष्ट्रीयता कानून को स्कॉटिश संसद के अधिनियमों के माध्यम से बनाया जाना चाहिए अथवा नहीं, यह संवैधानिक सम्मेलन का मामला होगा, जैसा कि 'एक नये Scotland का निर्माण: स्वतंत्र Scotland के लिए एक आधुनिक संविधान का निर्माण' में वर्णित किया गया है। इन प्रस्तावों को इस दस्तावेज़ में विस्तार से प्रस्तुत किया गया है ताकि Scotland के संवैधानिक भविष्य के विकल्प पर चर्चा में शामिल हर कोई यह स्पष्ट कर सके कि स्कॉटिश सरकार की स्थिति क्या है और यदि देश स्वतंत्रता के लिए यह विकल्प चुनता है तो उस स्थिति में वे कैसे प्रभावित होंगे।

## निष्कर्ष

यह स्वतंत्रता कानूनी रूप से एक नई राष्ट्रीयता का निर्माण करेगी और Scotland के लोगों को उस समावेशी राष्ट्रीय पहचान का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान करेगी। स्कॉटिश नागरिक होना ही इस स्वतंत्रता का एक सार्थक, सकारात्मक परिणाम होगा। स्कॉटिश पासपोर्ट रखने का नया अधिकार, कॉमन ट्रेवल एरिया में अधिकार जारी रखना और Scotland के EU में शामिल होने के बाद, EU के नागरिकों के रूप में अधिकार फिर से लागू होना, ये ऐसे सभी लाभ हैं जिनका स्कॉटिश नागरिक आनंद ले सकेंगे।

© The Scottish Government 2023

ISBN: 978-1-83521-156-4

स्कॉटिश सरकार द्वारा प्रकाशित, जुलाई 2023

स्कॉटलैंड सरकार के लिए निर्माता: APS Group Scotland, 21 Tennant Street,
Edinburgh EH6 5NA    PPDAS1330823 (07/23)